# आबादी क्षेत्र की 1352 बीघा जमीन काश्तकारों की मान हाईकोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड की याचिका खारिज की

## 'काश्तकार बरसों से खेती कर रहे हैं रिकॉर्ड में सिवाय चक दर्शाने मात्र से इसका मालिकाना अधिकार नहीं बदल जाता '

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को राजस्थान हाईकोर्ट से करारा झटका लगा है। शहर की घनी आबादी के बीच स्थित करोड़ों की जमीन उसके हाथ से निकल गई है। हाईकोर्ट ने आबादी क्षेत्र में स्थित 1352 बीघा जमीन पर काश्तकारों के अधिकार को सही मानते हुए हाउसिंग बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया। बरसों से जारी इस केस में हाउसिंग बोर्ड पूर्व में तीन कोर्ट में मात खा चुका है। अब उसकी उम्मीदें हाईकोर्ट से लगी थीं, लेकिन हाईकोर्ट ने भी ट्रायल कोर्ट व रेवेन्यू बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश विनीत माथुर ने कहा कि इन जमीन पर काश्तकार कई बरस से खेती कर रहे हैं। राजस्व रिकॉर्ड में इसे सिवाय चक दर्शाने मात्र से इसका मालिकाना अधिकार नहीं बदल जाता। टिनेंसी एक्ट के तहत काश्तकार ही अब इस जमीन के खातेदार हैं। तीन कोर्ट सारे रिकॉर्ड को देखने के बाद यह फैसला दे चुके हैं। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की याचिका को खारिज किया जाता है।

राज्य सरकार ने भू अवाप्ति नियम के तहत वर्ष 1979 में सूथला ग्राम की 804 बीघा 3 बिस्वा व जोधपुर की 547 बीघा 2 बिस्वा जमीन को सिवाय चक जमीन मानते हुए अवाप्त कर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को सौंप दी। इनका म्यूटेशन भी हाउसिंग बोर्ड के पक्ष में कर दिया गया। हाउसिंग बोर्ड ने इन दोनों जमीन का वास्तविक कब्जा नहीं लिया। इन जमीन पर काश्तकार पहले से काबिज थे। भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया के बीच वर्ष 1985 में एक काश्ताकार हेमाराम ने सब डीविजनल कार्यालय में भूमि पर अपना दावा जताते हुए वाद दायर कर दिया। उसका दावा था कि विक्रम संवत 2000 से पहले से वे इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। इसकी बिगोड़ी भी वे लगातार भर रहे हैं। वर्ष 1955 से राजस्थान में मारवाड़ टिनेंसी एक्ट लागू हो गया।

इसके तहत यदि कोई काश्तकार किसी जमीन पर खेती कर रहा है और लगान अदा कर रहा है तो अब वह उस जमीन का खातेदार होगा। इस एक्ट के तहत वादी उपरोक्त जमीन का खातेदार हो गया। इसके बाद यह मामला उपजिला कलेक्टर की कोर्ट में ट्रांसफर हो गया। उपजिला कलेक्टर ने दिसम्बर 2000 में अपने फैसले में काश्तकार के कब्जे को सही माना और आदेश दिया कि राजस्व रिकॉर्ड को सही किया जाए।

हाउसिंग बोर्ड ने इसके खिलाफ रेवेन्यू कोर्ट जोधपुर में अपील दायर की। जिसे वर्ष 2002 में खारिज कर दिया गया। हाउसिंग बोर्ड ने इसके खिलाफ रेवेन्यू बोर्ड अजमेर में याचिका दायर की। वर्ष 2014 में रेवेन्यू बोर्ड ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड ने हाईकोर्ट में अपील की।

# ईंट भट्टा मजदूर को आयकर विभाग ने थमाया नोटिस

## पीड़ित ने बताया कि उसके नाम से पैन कार्ड बनवाकर बैंक में खाता खोला गया

**बिजयनगर,** (निसं)। बिजयनगर शहर के एक ईंट भट्टा मजदूर युवक को इनकम टैक्स का जब नोटिस आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीडित पुखराज प्रजापत ने आरोप लगाया कि उसके नाम से पैन कार्ड बनवाकर बैंक में खाता खोला गया और फिर कंपनी बनाकर लगभग 50 करोड़ रुपए का लेनदेन किया गया जबकि वो ईंट भट्टे पर मजदूरी कर जैसे-तैसे अपनी जिंदगी गुजर बसर कर रहा है।

इनकम टैक्स का नोटिस आने पर पुखराज प्रजापत ने पुलिस में एक रिपोर्ट दी और बताया की वो ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है और अनपढ़ व्यक्ति है। उसका पैन कार्ड करीब 10-12 वर्ष पूर्व बना हुआ है। उसे आयकर विभाग ब्यावर से एक नोटिस मिला है उस नोटिस में 2013-14 के दौरान कार्तिक ट्रेडिंग कंपनी का मालिक उसे बताया गया है और रेणुका एग्जाम प्राइवेट लिमिटेड के साथ लेन-देन किया गया है। बिजयनगर थानाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

- कंपनी बनाकर लगभग 50 करोड़ रुपए का लेन-देन किया गया
- पीड़ित को 1 करोड़ 37 लाख का आयकर विभाग से नोटिस मिला

थानाधिकारी ने कहा की पीड़ित ने बताया की उसके नाम से लगभग 48 करोड 51 लाख का लेनदेन किया गया है जिसमें पीड़ित को 1 करोड 37 लाख का आयकर विभाग से नोटिस मिला है। पुलिस के मुताबिक जांच जारी है। इधर पुखराज प्रजापत और उसके परिवार की नींद उड़ी हुई है।

## जैन मन्दिर से चोरी हुई मूर्ति बरामद

**चौरू,** (निसं.)। अलीगढ़ थाना क्षेत्र में उखलाना रोड पर दिगम्बर जैन मंदिर से पांच माह पूर्व चोरी हुई भगवान पार्श्वनाथ की अष्ठधातु की मूर्ति को पुलिस ने बरामद किया। थानाधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि पांच माह पूर्व जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के साथ अन्य चार प्रतिमाएं विराजमान थी। जिनमें से अष्टम धातु से निर्मित मूर्ति को चोर चोरी कर ले गए थे। मुखबीर तथा अन्य साक्ष्यो के आधार पर जैन मंदिर चबूतरे के पास से मूर्ति को बरामद किया गया।

# आरएएस मुख्य परीक्षा 2021:- प्रदेश के 113 केन्द्रों पर 88 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। राज्य सेवा के 363 तथा अधीनस्थ सेवाओं के 625 पदों के लिए आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 व 21 मार्च को किया गया।

इस संबंध में आयोग सचिव एच एल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित संभाग जिला मुख्यालय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के माध्यम से व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस बार आयोग द्वारा सघन निगरानी व्यवस्था के तहत मेटल डिटेक्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों की जांच तथा एक कक्ष में दो वीक्षकों की नियुक्ति भी की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश सहित सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की वीडियो रिकार्डिंग भी दो वीडियोग्राफरों द्वारा करवाई गई है। प्रथम सत्र में अजमेर में 2427, भरतपुर में 1765, बीकानेर में 2061, जयपुर में 6386, जोधपुर में 3562, कोटा में 616 तथा उदयपुर 1073 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। द्वितीय सत्र में अजमेर में 2421, भरतपुर में 1757, बीकानेर में 2055, जयपुर में 6361, जोधपुर में 3559, कोटा में 615 तथा उदयपुर में 1069 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। प्रथम सत्र में 2482 तथा द्वितीय सत्र में 2535 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों दिवस आयोजित चारों प्रश्नपत्रों की परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का औसत लगभग 88.16 प्रतिशत रहा। आयोग सचिव एचएल अटल ने जवाहर, तोपदडा तथा सुंदर विलास में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## एक्टिवा से 2.89 लाख रुपए चोरी

**टोंक,** (निसं)। शहर कोतवाली पुलिस थाने में एक व्यक्ति ने उसकी एक्टिवा की डिक्की का लॉक तोड़कर 2 लाख 89 हजार रुपए चोरी होने की रिपोर्ट दी है। मोहम्मद शाकिर निवासी गुलजार बाग टोंक ने शहर कोतवाली पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि वह मोटर पार्ट्स की दुकान करता है और अपने घर से 2 लाख 50 हजार रुपए लेकर निकला था। बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम से 10 हजार रुपए लेकर पंजाब नेशनल बैंक में लोन राशि जमा कराने के लिए जा रहा था कि इसी दौरान उसकी दुकान से फोन आने पर सामान देकर बीओबी चला गया। जहां उसे जमा कराने के लिए सवा दो बजे बैंक में पैसे देखे तो डिक्की का ताला टूटा हुआ मिला।

# सिलेंडर में ब्लास्ट होने पर घर की छत उड़ी

**अलवर,** (निसं)। कोटकासिम क्षेत्र के चाचियावास गांव में अचानक एक सिलेंडर में लगी आग के बाद हुए ब्लास्ट से घर की छत उड़ गई एवं कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। कमरे के जंगले एवं दरवाजे राख में तब्दील हो गए तो वहीं कूलर, फ्रीज, बेड जल गए। चाचीयावास गांव के दुर्गा प्रसाद की पत्नी घर पर रात करीब 9 बजे गैस सिलेंडर पर दूध गर्म कर रही थी।

जब दूध गर्म करते समय गैस को जलाकर बाहर आ गई और बच्चे आंगन में खेल रहे थे तो अचानक जलते हुए गैस सिलेंडर में आग लग गई और जोरदार ब्लास्ट हो गया। जिससे घर की छत उड़ गई और दीवारों में दरार आ गई साथ ही घर के अंदर रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया। आनन-फानन में ही वहां भीड इकट्ठी हो गई और जलती आग को बुझाने के लिए लोगों ने सिलेंडर पर गीले कपड़े डाल दिए लोगों की सूझबूझ से आग पर तो जल्दी ही काबू पा लिया गया, लेकिन दुर्गा प्रसाद का चेहरा आग में झुलस गया। जिसको गांव के ही शिवचरण शर्मा के द्वारा कोटकासिम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। बहरहाल इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# इंदिरा गांधी नहर परियोजना: राजस्थान खर्च करेगा 250 करोड़ रुपए

**हनुमानगढ़,** (निसं)। इंदिरा गांधी नहर परियोजना में आज से 60 दिन की बंदी शुरु हो गई है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना में राजस्थान और पंजाब सरकार रिलाइनिंग करवा रही हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है। पंजाब सरकार इस दौरान 53 किलोमीटर रिलाइनिंग का काम करवाएगी तो वहीं राजस्थान सरकार इस दौरान 67 किलोमीटर तक रिलाइनिंग का काम कराएगी। आज से 30 दिन आंशिक बंदी की जाएगी जिसमें पेयजल के लिए 2 हजार क्यूसेक पानी दिया जाना तय हुआ है। ताकि रिलाइनिंग के दौरान राजस्थान क्षेत्र में पीने के पानी की कोई किल्लत नहीं हो।

21 मार्च से 20 अप्रेल तक आईजीएनपी नहर में आंशिक बंदी रखी गई है। इस दौरान पेयजल के लिए नहर में 2 हजार क्यूसेक आगामी 20 अप्रेल तक दिया जाएगा। 21 अप्रेल से आगामी 30 दिनों इंदिरा गांधी नहर में पूर्ण बंदी रहेगी। इस तरह 21 मार्च से 19 मई तक 60 दिन नहर बंदी रहने वाली है। 30 दिन तक आशिंक नहरबंदी तो वहीं 30 दिन तक पूर्ण नहरबंदी रहने वाली है।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के बंदी के दौरान राजस्थान और पंजाब सरकार अपने-अपने हिस्सा क्षेत्र में नहर के रिलाइनिंग पर पैसा खर्च करेगी। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह मेहरड़ा ने बताया कि 60 दिन की नहरबंदी के दौरान पंजाब सरकार अपने क्षेत्र में 53 किलोमीटर तक रिलाइनिंग का कार्य करवाएगी जिसमे पंजाब सरकार 450 करोड़ रूपये खर्च करेगी। मेहरड़ा ने बताया कि राजस्थान सरकार भी नहरबंदी के दौरान 67 किलोमीटर तक रिलाइनिंग का कार्य करवाएगी जिसमे राजस्थान सरकार के 250 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

सिंचाई विभाग के मुख्य अभिनता अमरजीत मेहरड़ा ने बताया की रिलाइनिंग के कार्य के बाद राजस्थान के हिस्से में सीपेज से हो रहे नुक्सान से बचा जा सकेगा। साथ ही अतिरिक्त सिंचाई पानी बचने से किसानों को इसका सीधा लाभ मिल पाएगा। 179 किलोमीटर रिलाइनिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद अनुमान जरूर लगाया जा रहा है कि एक हजार से ग्यारह सौ क्यूसेक अतिरिक्त पानी राजस्थान को मिल पाएगा।

## राजनीति का धर्म होना चाहिए, धर्म की राजनीति नहीं: सुरजेवाला

**जोधपुर,** (कासं)। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राजनीति का धर्म होना चाहिए, ना कि धर्म की राजनीति हो। कांग्रेस इस बार गुजरात चुनाव में जीतेगी। वे आज जोधपुर पहुंचे और बाद में पीपाड़ शहर के लिए रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। पीपाड़शहर में उन्होंने वहां के कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ के पिता के निधन पर शोक जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के शोक संवेदना संदेश का वाचन किया।

सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस सदैव ही हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। धर्म की राजनीति नहीं करनी चाहिए जिससे कि राजनेता भटक जाएं। धर्म को राजनीति से परे ही रखना चाहिए। सुरजेवाला ने मीडिया के एक सवाल पर कहा कि गुजरात में कांग्रेस जीतेगी। यहां पर रघु शर्मा पूरी तरह मेहनत कर रहे हैं। सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान में पेश किए बजट को क्रांतिकारी एवं प्रगतिशील बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चाहे इतिहास देखा जाएं या वर्तमान कांग्रेस सदैव हर वर्ग का ध्यान रखा है। भविष्य में ध्यान रखेगी।

# अलवर नगर परिषद सभापति की खाली पड़ी सीट पर भाजपा का कब्जा

**अलवर,** (निसं)। अलवर में पिछले कुछ माह से खाली पड़ी नगर परिषद की कुर्सी पर भाजपा के उपसभापति घनश्याम गुर्जर द्वारा कब्जा करने पर उनके शुभचिंतकों ने लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया है। इस मामले में

- भाजपा के उपसभापति घनश्याम गुर्जर नगर परिषद सभापति की सीट पर बैठे



अलवर नगर परिषद सभापति की कुर्सी पर उपसभापति घनश्याम गुर्जर ने बैठकर काम संभाला।

कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध जताया है, वे भी नगर परिषद पहुंचे और बाहर बैठ गए। उनका कहना है कि बिना आदेश के कुर्सी नहीं संभाल सकते।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद सभापति चुनाव के समय भाजपा का पलड़ा भारी था लेकिन सियासी उठकपठक के कारण यह सीट भाजपा के हाथ से निकल गई और भाजपा को उपसभापति की सीट हासिल कर संतुष्ट होना पड़ा। बाद में पूर्व सभापति बीना गुप्ता को एसीबी ने ट्रेप कर लिया था, जिसके चलते यह सीट खाली हो गई थी। तभी उपसभापति घनश्याम गुर्जर को पुराने किसी मामले में उलझा कर उन्हें भी उपसभापति के पद से मुक्त कर दिया।

इसके बाद गुर्जर ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया लेकिन सत्ता पक्ष को यह रास नहीं आया और उन्होंने आनन-फानन में अपने पार्षदों को सभापति और उप सभापति की कुर्सी पर बैठा दिया लेकिन उनकी समय सीमा समाप्त होने के बाद जयपुर से उनके कार्यकाल को नहीं बढ़ाया गया। इसके बाद नगर परिषद उपसभापति घनश्याम गुर्जर अपनी सीट पर बैठ गए और सोमवार को उन्होंने सभापति की सीट पर भी अपना कब्जा कर लिया।

सभापति गुर्जर से जब पूछा गया कि सरकार ने आपके सभापति बनने के कोई आदेश जारी नहीं किए फिर आप सभापति सीट पर कैसे बैठ गए तो उन्होंने कहा कि नियम है कि अगर सभापति की सीट खाली हो तो उसकी सीट पर उपसभापति कार्य कर सकता है और मैं उसी नियम के अनुसार कार्य कर रहा हूं। मैं उपसभापति की सीट पर भी बैठूंगा और अगर कोई निर्णय लेना होगा तो सभी पार्षदों के साथ सभापति की सीट पर बैठ कर शहर के विकास के विषय में निर्णय लूंगा क्योंकि लम्बे समय से शहर में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है।

गुर्जर के सीट पर बैठते ही कांग्रेस पार्षदों ने नगर परिषद गेट के बाहर धरना लगा लिया है लेकिन शहर वासी कह रहे हैं जैसी करनी वैसी भरनी किसी का हक छीनोगे तो अंजाम तो यही होगा।

## बिन पानी नल कनेक्शन देने पर ग्रामीण आक्रोशित

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में तिजारा फाटक के पास गणपति विहार सहित आस-पास के लोग जलदाय विभाग के कार्यालय पहुंचे। गुस्साए लोगों ने कहा कि नल कनेक्शन दे दिए और पानी का इंतजाम नहीं है। नेता व प्रशासन पूरा झूठा है, अब तो झूठे आश्वासन देना भी बंद कर दिया। स्कूल जाने वाले बच्चों के नहाने को पानी नहीं है। अब बेरोजगारी में पानी के लिए 500 रुपए टैंकर कहां से लेकर आएं।

वार्ड के निवासियों का कहना है कि टैंकर वाले 600 रुपए मांगने लग गए हैं। जलदाय विभाग के कार्यालय चक्कर लगा कर थक चुके हैं लेकिन पानी का इंतजाम नहीं है। कभी एक बाल्टी तो कभी दो बाल्टी पानी आता है। वार्ड के लोगों के साथ पार्षद सतीश यादव भी पहुंचे। वे भी लोगों के साथ जलदाय विभाग के कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि लाइन डाल दी। कनेक्शन दे दिए लेकिन पानी का इंतजाम नहीं कर रहे हैं। कभी 5-10 मिनट भी पानी नहीं आता है। किसी के घर एक बाल्टी पानी पहुंचता है तो कहीं बिल्कुल भी नहीं आता। कब तक गरीब परिवारों के लोग टैंकर से पानी मंगा सकते हैं। प्रशासन को खूब शिकायत कर चुके हैं। मजबूरी में लोगों काम छोड़कर धरने पर आकर बैठना पड़ता है।

# ट्रांसफार्मरों से तेल व सामान चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश



मेहंदवास थाना पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**टोंक,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में मेहंदवास थाना पुलिस टीम ने बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल व सामान चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर 6 जनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

- पुलिस ने छह जनों गिरफ्तार किया
- आरोपियों ने कुल आठ वारदातें करना कबूला

पुलिस कार्यवाही के दौरान मुखबिर ने ग्राम लहन के कुछ लड़कों द्वारा ट्रांसफार्मरों में से चोरी करने का संदेह होने बताया, जिस पर रविवार रात्रि को ग्राम लहन के संदिग्ध से पूछताछ की गई तो 6 आरोपी खुशीराम पुत्र मोलाराम जाति भील, आशाराम पुत्र पप्पू लाल भील, विष्णु उर्फ भगोना पुत्र सीताराम भील, देशराज पुत्र राजेश गुर्जर, धनराज पुत्र कजोड़ भील, सत्यनारायण उर्फ सतु पुत्र रमेश भील सभी निवासी लहन थाना मेहन्दवास द्वारा आपस में मिलकर अपनी मोटरसाईकिलों से इलाका थाना हाजा मेहन्दवास व थाना इलाका थाना सदर टोंक में लगे बिजली के ट्रांसफर्मरों में से तेल व अन्य सामान चोरी करने की कुल 8 वारदातें करना कबूल की हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाएगा। ये आरोपी एक साथ गैंग बनाकर चोरी करते हैं तथा शातिर व बदमाश किस्म के हैं जो घटनास्थल की पूर्व में मोटरसाईकिलों से रैकी कर रात्री के समय मोटरसाईकिलों से ही चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## सलमान मामले में अब हाईकोर्ट में सुनवाई होगी

**जोधपुर,** (कासं)। फिल्म अभिनेता सलमान खान को राजस्थान उच्च न्यायालय ने राहत प्रदान की है। हिरण शिकार से जुड़ी तीन याचिकाओं पर अब राजस्थान उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। पहले सेशन कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के लिए सलमान की बहन अलवीरा आज जोधपुर पहुंची थी।

हाईकोर्ट में सोमवार को सलमान की ट्रांसफर पिटीशन पर सभी मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में करने पर सहमति जता दी। सलमान ने सेशन कोर्ट में विचाराधीन अपील को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की याचिका लगा रखी थी। याचिका में कहा गया कि इससे जुड़े सभी मामले एक-दूसरे से जुड़े हुए है। ऐसे में इनकी सुनवाई एक साथ हाईकोर्ट में की जाए। इस मामले में सरकारी पक्ष की तरफ से जवाब पेश नहीं किए जाने के कारण सुनवाई लगातार टलती जा रही थी। अब सरकारी वकील गौरव सिंह की तरफ से इन मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में करने को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। इसके बाद न्यायाधीश पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने सभी मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट में ही करने का आदेश जारी किया। सुनवाई के समय सलमान की बहन अलवीरा भी कोर्ट में मौजूद थी। सलमान के वकील हस्तीमल सारस्वत ने कहा कि उनके लिए यह राहत भरा फैसला है। सभी मामलों की सुनवाई एक ही स्थान पर होने से सलमान को काफी राहत मिली है।

# ढोंगी तांत्रिक ने 22 वर्षीय पीड़िता से बलात्कार किया, दिल्ली से किया गिरफ्तार

## पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूला

**अजमेर,** (कासं)। बहादुर बेटी ने साहस का परिचय देते हुए परिजन के मना करने के बावजूद थाने तक पहुंचकर ढोंगी, पाखंडी तांत्रिक की पोल खोली। अजमेर की बहादुर बेटी ने इस समाज कंटक को सबक सिखाने का साहस दिखाते हुए आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। खुद को भगवान का अवतार बताने वाले ढोंगी तांत्रिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूला है।

पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को बताया कि रिश्तेदार की शादी में दिल्ली गए थे, जहां मेरे पिताजी के मामा द्वारा एक ढोंगी तांत्रिक राजेन्द्रसिंह से मिल वाते हुए कहा कि यह चमत्कारी बाबा है, जिनकी बात सुनकर मेरे पिताजी उनको अपनी सारी समस्या बताई तो बाबा ने मेरे पिताजी को अपनी बातों के जाल में फंसा लिया और समस्याओं का समाधान व घर से भूत भगाने के लिए पहली किश्त के रूप में 1 लाख रुपए मांगे। घर में मृत्यु दोष बताने पर घरवाले तांत्रिक बाबा की बातों में आ गए। वह तांत्रिक बाबा 4-5 दिन घर ही रहा और 27 फरवरी को बाबा ने कहा की मैं जो पूजा करुंगा वह आपके घर की सबसे उपरी हिस्से में होगी जिसमें आपकी बडी संतान को शामिल होना जरुरी है व उनकी बातों पर अंधा विश्वास करते हुए परिजन ने मुझे अकेले उसके साथ सबसे ऊपरी मंजिल पर भेज दिया, जहां बाबा मेरे साथ अकेले होने का फायदा उठा कर जबरदस्ती करने लगा मना करने पर कहा कि पूजा ऐसे ही होती है।

तुम्हारे घर में तुम्हारे अंदर गंदी बला है और गंदे तरीके से ही जाएगी यदि पूजा नहीं की गई तो तुम्हारे माता-पिता की भी मृत्यु हो जाएगी जिससे वह डर गई इस डर का फायदा उठाकर ढोंगी तांत्रिक बाबा ने मेरा बलात्कार किया। इसी प्रकार बाबा ने मुरैना के मंदिर की धर्मशाला में भी जबरदस्ती की व मेरा बलात्कार किया। परिजन के अटूट विश्वास के चलते वह बाबा को भगवान मानते है, उनकी हर बात सही मानते है, जिस कारण वह मेरे परिवार वालों को डरा धमका कर आर्थिक शोषण करता रहा और घर पर आकर पूजा पाठ के नाम पर फिर से बलात्कार किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यदि वह घर गई तो वह उसके साथ वापस बलात्कार व शोषण करेगा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

- पुलिस ने तांत्रिक का मोबाइल खंगाला तो उसमें कई राज की बातें निकलीं
- पीड़िता ने बहादुरी दिखाते हुए ढोंगी तांत्रिक की पोल खोली

एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने बताया कि 19 मार्च को पीड़िता ने भागते हुए आदर्श नगर थाने पहुंचकर बताया कि वह बाबा घर आया हुआ है और पूर्ण अंदेशा है कि वह आज अगर घर गई तो वापस दुष्कर्म व शोषण करेगा। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की।

थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि जब पुलिस पीडिता के घर पहुंची तब पुलिस जाप्ते को देखकर ढोंगी तांत्रिक ने रफू चक्कर होने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया तो पूरी वारदात कबूल कर ली। अनुसंधान के दौरान जब पुलिस ने तांत्रिक का मोबाइल खंगाला तो उसमें कई राज की बाते निकली। मोबाइल में ऑनलाईन सट्टे पर दाव लगाने के आंकडे मिले साथ ही दिल्ली निवासी विजय के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी दिलवाने के बहाने 10 लाख रुपए ऐंठने की शिकायत तथा अन्य कई लोगों का शर्तिया ईलाज करने के बहाने पैसे ऐंठने की वाट्सअप चैटिंग भी मिली।

थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि 5वीं फेल ढोंगी तांत्रिक अपने मंसूबों में कामयाब होने के बाद स्वयं की पोल नहीं खुले इसलिए पीडिता के परिजन को उसका मोबाइल जप्त करने के लिये कहता व यह विश्वास दिलाता कि इसके फोन के माध्यम से पूरे परिवार की बातों व लोकेशन का पता लगवा लेता है, ताकि पीडिता किसी का फोन कर उसकी पोल नहीं खोल सके।

थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि ढोंगी तांत्रिक राजेन्द्र सबसे पहले पीडित परिवार के दूर के रिश्तेदारों से उसकी पुरानी हिस्ट्री मालूम करता तथा पीड़ित की समस्या को दूर करने के लिये उसके घर में अपने साथियों के साथ आसन्न जमा लेता।